आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–31 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मेरठ में भाजपा प्रत्याशी अरूण गोविल के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव भारत को विकसित भारत बनाने के लिये हो रहा है। उन्होंने कहा कि दो हजार चौबीस का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनायेगा। इससे देश में गरीबी तो दूर होगी ही, मध्यम वर्ग को भी नयी ऊर्जा मिलेगी। अपने सम्बोधन में उन्होंने यह भी कहा कि मेरठ की धरती क्रांति और क्रांति वीरों की धरती है। इस धरती ने हमें चौधरी चरण सिंह जैसा महान सपूत दिया है। सरकार का सौभाग्य है कि उसे चौधरी साहब को भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी आज अलग–अलग स्थानों पर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में सभायें कीं।

****

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गयी है। पहले चरण के लिये पिछली सत्ताइस मार्च तक नामांकन दाखिल किये गये। अट्ठाइस मार्च को भरे गये नामांकन पत्रों की जांच की गयी, जिसमें चौरासी नामांकन वैध पाये गये जबकि इकहत्तर नामांकन को खारिज कर दिया गया। पहले चरण का मतदान उन्नीस अप्रैल को सम्पन्न होगा। मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण में आठ लोकसभा सीटों– सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत संसदीय सीट के लिये मतदान होगा। उधर, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये पिछली अट्ठाइस मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। चार अप्रैल तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। दूसरे चरण के लिये भरे जा रहे नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। नाम वापसी के लिये अंतिम तिथि आठ अप्रैल निर्धारित की गई है। इस चरण में आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जायेंगे।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस क्रम में जौनपुर में आज मतदाता जागरूकता को लेकर वहां के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने चुनावी शुभंकर का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शुभांकर का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाना है और उन्हें शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित करना है। जौनपुर में मतदाता जागरूकता के लिये एक क्रिकेट प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। देवरिया जिले में वहां के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बुलावा टोली का गठन किया गया। इस टोली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, शिक्षा मित्र, सफाई कर्मचारी और सहायक अध्यापक को शामिल किया गया है। यह टोली एक अप्रैल से एक जून तक मताधिकार के प्रयोग के लिये लोगों के बीच जाकर रैली, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित करेगी।

****

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन से संबंधित अनिवार्य सेवाओं में मीडिया प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। मतदान दिवस का कवरेज करने वाले तथा आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि संबंधित चरण एवं निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर संबंधित मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा डाक मतपत्र के लिए फार्म–12डी में आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर के पास पहुंच जाना चाहिए। फार्म–12डी के द्वितीय भाग में मीडिया प्रतिनिधियों के संस्थान द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। फार्म–12डी के साथ आयोग द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न कर संबंधित जिले के रिटर्निंग ऑफिसर के यहां जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि मीडिया प्रतिनिधियों का मतदान दिवस के दिन कवरेज पर होना प्रमाणित होने के बाद ही मीडिया प्रतिनिधियों को अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा फार्म–12डी में आवेदन प्राप्त होने के बाद पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा।

पोस्टल वोटिंग सेंटर सुबह नौ से शाम पांच बजे के बीच तीन दिन के लिए खुलेगा। यह सामान्यतः मतदान दिवस के तीन दिन पहले तक खुलेगा। पोस्टल बैलेट जारी होने के बाद मीडिया प्रतिनिधि केवल पोस्टल बैलेट के माध्यम से ही वोट डाल सकते हैं और किसी भी स्थिति में भौतिक रूप से पोलिंग स्टेशन पर मतदान नहीं कर सकते।

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिये चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह को सत्ताइस सदस्यीय इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्यों में उत्तर प्रदेश से डॉक्टर राधा मोहनदास अग्रवाल, तारिक मंसूर, स्मृति ईरानी, केशव प्रसाद मौर्य का नाम शामिल हैं।

****

इसाई समाज आज ईस्टर का पर्व धूमधाम से मना रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं और प्रभु यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला जा रहा है। अमरोहा में इसाई समुदाय के लोग चर्चो में इकट्ठा होकर प्रभु यीशु का स्मरण कर रहे हैं। गोरखपुर में लगभग सभी चर्चों में आज सुबह विशेष प्रार्थना हुयी। कई चर्च में प्रभु भोज का आयोजन भी किया गया।

****